**पूर्णिया जिलान्तर्गत राज्य अवस्थित पूर्णिया (सिविल) हवाई अड्डा के चहारदिवारी के निर्माण कार्य हेतु दिनांक: 28.12.2017 को प्राप्त ई0-निविदा के तकनीकी बीड निस्तार के लिए दिनांक: 07.04.2018 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:**

1. **श्री राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रंजित प्रसाद सिंह,** महाप्रबंधक (उत्तर), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री शिवानंद,** उप महाप्रबंधक, पी0 आई0 यू0, पूर्णिया। — सदस्य

**कार्यवाही:-**

पूर्णिया जिलान्तर्गत राज्य अवस्थित पूर्णिया (सिविल) हवाई अड्डा के चहारदिवारी के निर्माण कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से ई0-निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र ''हिन्दुस्तान'' में दिनांक 11.12.2017 को पटना संस्करण में हुई थी, जिसका पी0आर0 सं0-10485(नि0नि0) 2017-18 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि कुल ₹3,14,85,000.00 मात्र एवं प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹3,53,12,200.00 मात्र है तथा अनुमोदित परिमाण-विपत्र की राशि ₹3,30,02,096.00 मात्र है।

इस ई0-निविदा में आठ निविदादाताओं ने भाग लिया है। सभी निविदादाताओं द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पूर्णिया द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता श्री मनोज कुमार सिंह, शिवपुरी, भट्टा बाजार, पूर्णिया हैं। इनका निबंधन संख्या-द्वितीय (व्यक्तिगत)-30(भवन)/2015 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। इनके द्वारा परिमाण विपत्र में अंकित Pile कार्य के लिए निर्धारित मात्रा का प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया गया है जिसके कारण ये एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5 (A)(c) की अहर्ता को पूरा नहीं करते हैं। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

द्वितीय निविदादाता श्री कुंदन कुमार, रामदयालु नगर, काजीमुहम्मदपुर, मुजफ्फरपुर हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम- (प्रो0+फर्म)-30(भवन)/2016 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। ये एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा करते है। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

तृतीय निविदादाता मे0 आशा कंस्ट्रक्शन, प्रो0-श्री चंदन कुमार मिश्रा, वार्ड नं0-49, बेला छपरा, शेरपुर, मुजफ्फरपुर हैं। इनका निबंधन संख्या-द्वितीय-(प्रो0+फर्म)-83(भवन)/2017 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। ये एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा करते है। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

चतुर्थ निविदादाता मे0 प्रत्यक्षा कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, पानापुर, आर0एन0 कॉलेज रोड, महनार, हाजीपुर, जिला-वैशाली हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम-(व्यक्तिगत)-45(भवन)/2016 है और इन्हें उप महाप्रबंधक,

पी0आई0यू0, दरभंगा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के पत्रांक-94, दिनांक: 27.02.2018 द्वारा डिबार किया गया हैं। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

पाँचवें निविदादाता श्री उमाकांत सिंह, ऑफिसर्स कॉलोनी, मिर्चाबाड़ी, कटिहार हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम-(व्यक्तिगत)-08(भवन)/2015 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गई। ये एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा करते हैं। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

छठे निविदादाता मे0 त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन, प्रो0- बंटी कुमार सिंह, के0जी0 रोड, नवादा, जिला-भोजपुर हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम-(प्रो0+फर्म)-05(भवन)/2015 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गई। ये एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा करते हैं। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

सातवे निविदादाता श्री धीरेन्द्र कुमार ठाकुर, चाणक्यापुरी, वार्ड नं0-08, बसंतपुर, बीरपुर (सुपौल) हैं। इनका निबंधन संख्या-द्वितीय-(व्यक्तिगत)-241(भवन)/2014 है। इनके निविदा कागजातों की जाँच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गई। ये एस0बी0डी0 की सभी अहर्ताओं को पूरा करते हैं। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है।

आठवे निविदादाता श्री बब्लू कुमार भगत, ए0डी0बी0 चौक, वार्ड नं0-11, पो0-अररिया, जिला-अररिया हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम-(व्यक्तिगत)-45(भवन)/2016 है। इन्हें अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- 13/अभियंता प्रमुख (नि0)-03-डिवार/कालीकृत-01/2018-1551 (भ0) पटना, दिनांक: 19.02.2018 द्वारा अगले एक साल के लिए किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है। अत: समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त निर्णय को निगम के बेवसाईट पर दिनांक: 17.04.2018 के 01:00 बजे अपराह्न तक आपत्ति हेतु रखी जाय। आपत्ति नहीं प्राप्त होने पर वित्तीय बीड खोलकर निविदा का निष्पादन मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 करेंगे साथ-ही-साथ वित्त विभाग, बिहार सरकार के संकल्प सं0-3578, दिनांक: 31.05.2017 की कंडिका-5 के आलोक में प्रशासनिक स्वीकृति की राशि से प्राक्कलित राशि में 12.15% की हुई बढ़ोत्तरी का अनुमोदन प्रशासी विभाग से प्राप्त करने हेतु मुख्य महाप्रबंधक अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (शिवानद) | (रंजित प्र0 सिंह) 9-4-18 | (तपेश्वर प्र0 साह) 09.04.18 | (राम सागर प्रसाद) 9/4/18 |
| उप महाप्रबंधक, | महाप्रबंधक (उत्तर), | महाप्रबंधक (वित्त), | मुख्य महाप्रबंधक |
| पी0आई0यू0, पूर्णिया | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। |